हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 जून 2026

तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 28.6 डिग्री

12 मानवीय संवेदना के साथ बेहतर स्वास्थ्य ...



12 झलप और ढांक में जनचौपाल लगाकर ...





## खबर संक्षेप

### श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष का दौरा आज



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) योगेश दत्त मिश्रा 16 जून को महासमुंद के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान न्यू सर्किट हाउस महासमुंद में प्रातः 11 बजे से स्थानीय उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि बैठक के पश्चात अध्यक्ष मिश्रा सर्किट हाउस में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे।

### युवक पर जानलेवा हमले का प्रयास

**महासमुंद।** मिनी स्टेडियम में चल रहे क्रिकेट मैच देखने पहुंचे एक युवक पर तलवार से जानलेवा हमला करने के प्रयास के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को मेघ बसंत कॉलोनी निवासी शुभम पाहूजा ने बताया कि मिनी स्टेडियम महासमुंद में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा था, जिसका फाइनल मैच 13 जून को था। जिसे देखने के लिए वह गया था। इसी दौरान आशीष सोनी अपनी बाइक से कट मारते उससे टकराया। जिस पर उसने आशीष को देखकर बाइक चलाने के लिए कहा। इस पर आरोपी गाली गलौज करने लगा और कुछ देर बाद तलवार लेकर उसे मारने का प्रयास करने लगा। इस दौरान कुछ लोगों ने बीच बचाव किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 25 एलकेएस, 109(1), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** शहर के छिपियापारा निवासी महिला के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोतवाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड 9 निवासी चांदनी नायक ने पुलिस को बताया कि 12 जून शाम करीब 05.45 बजे मैं अपनी बेटी को गार्डन लेकर जा रही थी। तभी उसके पड़ोस में रहने वाली रेखा नायक उसे देखकर नल का पानी बहाती रहती है, कहकर गाली गलौच करने लगी, जब उसने मना किया तब आरोपी आज तुझे जान से मार दूंगी कहकर धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगी और घसीट कर जमीन में गिरा दी, साथ दाहिने हाथ की उंगली को दांत से काट लिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी महिला के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम डोंगरीपाली के बजरंग बली मंदिर के पास तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक चला रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मर्ग क्रमांक 44/2026 धारा 194 बीएनएसएस के मृतक गिरधारी निषाद पिता सुकलाल निषाद (45 वर्ष) नवरंगपुर की जांच की गई। पुलिस ने बताया कि मृतक 13 जून को अपनी मोटर सायकल बजाज प्लेटिना क्रमांक सीजी 06 जीटी 2117 से ग्राम डोंगरीपाली से नवरंगपुर आ रहा था। इसी दौरान ग्राम डोंगरीपाली के बजरंग बली मंदिर के पास शाम करीब 6 बजे पीछे से आ रहे एक बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 06 एचए 5562 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट करने से मोटर सायकल चालक गिरधारी निषाद को सिर व शरीर में गंभीर चोट लगी। जिसे को इलाज के लिए सीएचसी सरायपाली लाया गया था, जहां डॉक्टर द्वारा चेकअप करने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# निर्माण सामग्री की बढ़ती कीमतों ने आवास लाभार्थियों की बढ़ाई मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में निर्माण सामग्री की बढ़ती कीमतों और रेत

- महंगी रेत खरीदकर मकान बनाना मध्यम वर्गीय व्यक्ति की पहुंच से बाहर

की किल्लत ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के सपनों पर ग्रहण लगा दिया है। निर्माण कार्य पूरा करने के दबाव और बाजार में रेत-गिट्टी के मनमाने दामों के बीच आम नागरिक पिस रहे हैं। क्षेत्र के निवासी रामलाल, तकेश्वर एवं मगतीन बाई जो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना पक्का मकान बनवा रहे हैं, बेहद परेशान हैं। इनका कहना है कि उन्होंने जो बजट तय किया था, वह अब पूरी तरह बिगड़ चुका है। उन्होंने बताया, पीएम आवास की किस्त समय पर आती है, लेकिन निर्माण सामग्री के दाम इतने बढ़ गए हैं कि मकान को अधूरा छोड़ने की नौबत आ गई है। रामलाल जैसे कई अन्य लाभार्थियों का कहना है कि प्लास्टर रेत बाजार में खोजने से भी नहीं मिल रही है। खदानें बंद होने के कारण रेत माफिया सक्रिय हैं। जो रेत पहले सामान्य दामों पर मिल जाती थी, उसके लिए अब प्रति ट्रैक्टर 2200 से 2500 रुपए तक मांगे जा रहे हैं। रामलाल के अनुसार, इतनी महंगी रेत खरीदकर मकान बनाना मध्यम वर्गीय व्यक्ति की पहुंच से बाहर हो गया है।

## हितग्राहियों ने कहा : बजट तय किया था, वह अब पूरी तरह बिगड़ चुका

### गिट्टी और ईंटों के दामों का दोहरा प्रहार

निर्माण की समस्या केवल रेत तक सीमित नहीं है। मंगतीन बाई बताती हैं कि गिट्टी के दाम भी पिछले कुछ दिनों में 32-33 रुपए से बढ़कर 35 रुपए प्रति वर्गफीट तक पहुंच गए हैं। वहीं, मानसून के करीब आने के कारण ईंट भट्ठों का काम बंद होने से ईंटों के भाव में भी भारी वृद्धि हुई है। बारिश का मौसम सिर पर होने के कारण रामलाल को डर है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, तो आने वाले महीनों में स्थिति और अधिक बिगड़ जाएगी।



### प्रशासन की सख्ती का आम लोगों को खामियाजा

खनिज विभाग द्वारा 10 जून से खदानों पर लगाए गए प्रतिबंध और अवैध परिवहन के खिलाफ की जा रही कार्रवाई अपनी जगह सही है, लेकिन इसका सीधा असर उन गरीब परिवारों पर पड़ रहा है जो सरकारी मदद से अपना घर बना रहे हैं। प्रशासन की सख्ती के बाद ट्रैक्टर संचालकों ने काम बंद कर दिया है, जिससे आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। प्रधानमंत्री आवास का लक्ष्य समय सीमा के भीतर घर पूरा करना है, लेकिन सामग्री की कमी और बढ़ते दामों ने रामलाल जैसे लाभार्थियों को दुविधा में डाल दिया है।

## रोष: कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अगुवाई में एसडीएम कार्यालय घेराव कर किया आंदोलन

# बागबाहरा क्षेत्र में स्वीकृत सड़कों के निर्माण में देरी पर फूटा जनआक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

क्षेत्र में स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों में हो रही लगातार देरी और प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में सोमवार को कांग्रेस के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय का घेराव और प्रदर्शन किया गया। आंदोलन में बागबाहरा, कोमाखान और पिथौरा क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

सोमवार सुबह वन विभाग के रेस्ट हाउस परिसर के पास से कांग्रेस नेताओं और ग्रामीणों ने विशाल रैली एवं पदयात्रा निकाली। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों का आक्रोश इतना अधिक था कि मौके पर मौजूद प्रशासनिक अमला भी भीड़ को नियंत्रित करने में असहज नजर आया।



### घेराव कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्रामीण बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष देवनाथ साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष लखबीर छाबड़ा, कोमाखान ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज सिन्हा, जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल, भूपेंद्र ठाकुर, शाहजान पासा, राहुल कुलदीप, लोकेश उईके, ताम्रध्वज बघेल, चंदू साहू, मुकुंद सिन्हा, हरिराम यादव, पुरुषोत्तम साहू, बलराम चंद्राकर, नीलकंठ यादव, सुरेश पटेल, बलराम ध्रुव, फूलसिंह ध्रुव, राजेश सिन्हा, छोटू बघेल, फिरोज मेमन, गणेश शर्मा, देवेश साहू, संतोष पटेल, ममता यादव, मिथुन अमीर, रमेश ठाकुर, गिरीश पटेल, अशोक अग्रवाल, खोमेश साहू, धनसाय पटेल, चोखे महोबिया, फोखराज यादव, जीवन नायक, सुनील व्यवहार, आशीष दीवान, दुर्गा सागर एवं केवल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

### कार्यों को तत्काल शुरू करने की मांग

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन में ग्रामीणों ने सरकार और संबंधित विभागों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों को तत्काल शुरू करने की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव ने बताया कि बेलर से मोहंदी मार्ग, पड़कीपाली से हाड़ाबांध ब्रिज तक सड़क, अनवरपुर से सुखरीडबरी मार्ग तथा सुखरीडबरी से दावनबोड़ मार्ग सहित कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है।

### विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि सड़क निर्माण में हो रही देरी के कारण क्षेत्र में आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बरसात के मौसम में ग्रामीणों की समस्याएं और बढ़ जाती हैं। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए लंबित सड़क निर्माण कार्यों को शीघ्र शुरू करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगाः यादव

जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि बागबाहरा क्षेत्र के साथ-साथ कोमाखान और पिथौरा तहसील के अंतर्गत स्वीकृत लेकिन लंबित सड़क परियोजनाओं को लेकर भी चरणबद्ध जनआंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन सड़कों को स्वीकृति मिल चुकी है, उनका निर्माण तत्काल शुरू कराया जाए, अन्यथा जनता के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।



## 10 महीने से फरार गांजा तस्कर और वाहन मालिक गिरफ्तार

**महासमुंद।** अंतरराज्यीय गांजा तस्कर और मुख्य आरोपी कंभुपानी बिशोई को जिला पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 10 महीनों से पुलिस से फरार था। उसे ओडिशा के चिल्का (जिला गंजाम) से तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पकड़ा गया है। थाना खल्लारी क्षेत्र के अंतर्गत एनएच 353 पर हाड़ाबंद ओवरब्रिज के पास एक कार ने 22 जुलाई 2025 को मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद आरोपी चालक कार और उसमें लदा भारी मात्रा में गांजा छोड़कर मौके से भाग निकला था। पुलिस ने तलाशी ली तो कार से 190 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 28 लाख 49 हजार रुपए आंकी गई थी।

### पुलिस की जांच और गिरफ्तारी

पुलिस ने इस मामले में तत्काल थाना खल्लारी में एनडीपीएस एक्ट और बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ओडिशा से गांजा लाकर अन्य राज्यों में खपाने की योजना बना रहे थे। इस मामले में मुख्य आरोपी और वाहन मालिक कंभुपानी बिशोई और उसका भाई अमूल्य बिशोई फरार हो गए थे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब दो महीने पहले, 7 अप्रैल 2026 को गांजा परिवहनकर्ता अमूल्य बिशोई को ओडिशा के गंगापुर से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अमूल्य की गिरफ्तारी के बाद से ही पुलिस मुख्य आरोपी कंभुपानी की तलाश में जुटी थी।

### तकनीकी टीम ने की कार्रवाई

फरार आरोपी कंभुपानी बिशोई अपनी पहचान बदलकर अलग-अलग जगहों पर छिपा हुआ था। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर ओडिशा के चिल्का में दबिश दी और मुख्य आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को आज, 15 जून 2026 को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा रहा है। इस पूरी कार्रवाई में थाना खल्लारी और साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मोदी सरकार के 12 वर्षों की विकास विश्वास और जनकल्याण की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी के सबसे अधिक कार्यकाल की उपलब्धि हासिल किए जाने के अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक रहीं रंजना डिपेंद्र साहू ने सोमवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा की।

पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू, जिला महामंत्री थान सिंह दीवान, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मीना वर्मा, शुभ्रा शर्मा, अग्रज शर्मा, नरेश नायक, जिला मीडिया प्रभारी नवीन साव व सहायक मीडिया प्रभारी आनंद साहू मौजूद रहे। पत्रकारवार्ता के दौरान रंजना साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की तस्वीर ही नहीं तकदीर भी बदल गई है। इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी ताकत है. जनता का अटूट विश्वास और सरकार का सेवा भाव। वर्ष 2014 में देश ने मोदी पर भरोसा किया, वर्ष 2019 में पहले से भी बड़ा बहुमत देकर उस पर मुहर लगाई, और फिर 2024 में लगातार तीसरी बार जनता ने उन्हें चुनकर साफ कर दिया है कि देश सिर्फ वादे



नहीं, बल्कि काम देखता है। इसी जन-विश्वास की बदौलत आज एनडीए देश के 22 राज्यों में जनता की सेवा कर रहा है। लगातार तीसरी बार शपथ लेने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने सबसे पहला काम पीएम किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर करके किया। यह इस बात का सीधा सबूत है कि इस सरकार के लिए गरीब, किसान, युवा और महिलाएं ही सबसे पहले आते हैं। उन्होनें बताया कि मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को सिर्फ एक नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे एक जनआंदोलन बना दिया है। सरकार का एक ही लक्ष्य रहा है कि हर योजना का 100 प्रतिशत लाभ कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। इसी का नतीजा है कि बीते सालों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। तकनीक और डिजिटल गवर्नेंस की मदद से सीधे बैंक खातों में पैसा (डीबीटी) भेजकर लाखों फर्जी लाभार्थियों को हटाया गया। इससे न सिर्फ आम आदमी का काम आसान हुआ, बल्कि देश के 4.31 लाख करोड़ रुपये गलत हाथों में जाने से बच गए। आज देश की सीमाएं और आंतरिक सुरक्षा पूरी तरह मजबूत हैं।

### विकास के साथ विरासत का भी संरक्षण

पिछले 12 वर्षों में देश का विकास तो हुआ ही है, साथ ही हमारी सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय गौरव को भी एक नया मुकाम मिला है। गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पाते हुए 'राजपथ' का नाम 'कर्तव्य पथ' किया गया और इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भव्य प्रतिमा लगाई गई। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन से जुड़े 5 मुख्य स्थानों को ₹पंचतीर्थ₹ के रूप में विकसित किया गया। आदिवासी समाज के महानायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर उन वीरों को सम्मान दिया गया, जिन्हें इतिहास में भुला दिया गया था। नए भारत की बुलंद सोच के प्रतीक के रूप में सरदार पटेल की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और नए संसद भवन का निर्माण किया गया। रेसकोर्स रोड का नाम 'लोक कल्याण मार्ग' और मुगल गार्डन का नाम 'अमृत उद्यान' किया गया। नई संसद में पवित्र 'सेंगोल' को स्थापित किया गया।

### देश को है प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास

उन्होनें बताया कि 10 जून का दिन भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को पीछे छोड़कर, भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले 32 अंतरराष्ट्रीय सम्मान और 'मॉर्निंग कंसल्ट' के सर्वे में 75 प्रतिशत अप्रूव रेटिंग के साथ दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बनना, हर एक भारतीय के सम्मान की बात है।

# दंतैल से घबराए ग्रामीणों ने की सुरक्षा और हाथी को भगाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र के ग्राम गुड़ागढ़ में पिछले एक सप्ताह से एक दंतैल हाथी के लगातार आबादी क्षेत्र में विचरण करने से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल व्याप्त है। हाथी ने जहां किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है, वहीं 14 जून की रात गांव में घुसकर एक ग्रामीण के घर की दीवार भी तोड़ दी। घटना के बाद ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने अभ्यारण्य प्रशासन से तत्काल सुरक्षा उपाय करने तथा हाथी को आबादी क्षेत्र से दूर जंगल की ओर खदेड़ने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार 14 जून की रात दंतैल हाथी ग्राम गुड़ागढ़ की बस्ती में पहुंच गया और सियाराम साहू के मकान की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथी के गांव में घुसने की सूचना मिलते ही ग्रामीण एकत्र हुए और काफी मशक्कत के बाद उसे गांव से बाहर



खदेड़ा गया। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी बार-बार गांव की ओर लौटने का प्रयास कर रहा था, जिससे पूरी रात लोगों को जागकर निगरानी करनी पड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व भी हाथी ने क्षेत्र के किसान महारथी बरिहा की फसल को नुकसान पहुंचाया था। लगातार हो रही घटनाओं के कारण लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। घटना के दूसरे दिन ग्रामीणों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने बारनवापारा अभ्यारण्य के अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दंतैल हाथी को आबादी क्षेत्र से दूर हटाने, ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा ग्राम गुड़ागढ़ के शीघ्र विस्थापन की मांग की गई है। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने स्थानीय वन अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में इसी अभ्यारण्य क्षेत्र के ग्राम दोंद निवासी जहरूराम नेताम की हाथी के हमले में मौत हुई थी। ऐसे में हाथी की लगातार मौजूदगी किसी बड़ी अनहोनी की आशंका को बढ़ा रही है।

अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए बताया कि सुरक्षा के लिए समिति के माध्यम से सोलर फेंसिंग की व्यवस्था, सड़क किनारे साफ-सफाई तथा गश्ती दल की निगरानी बढ़ाने जैसे उपाय किए जाएंगे। वहीं ग्राम विस्थापन की प्रक्रिया भी नियमानुसार आगे बढ़ाई जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि केवल चेतावनी संदेश जारी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि हाथी की गतिविधियों को नियंत्रित करने और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है।

## ट्रैक्टर ने सूमो को मारी टक्कर कई लोग घायल

**महासमुंद।** ग्राम माधोपाली की बस्ती में 15 दिन पहले ट्रैक्टर की टक्कर से सूमो वाहन में बैठ कई लोगों के घायल हो जाने के मामले सरायपाली पुलिस ने 14 जून को आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 14 जून को पुलिस टीम ने ग्राम माधोपाली में हुए एक्सीडेंट को लेकर जांच की। इस दौरान पुलिस टीम ने 01/06/2026 को ग्राम माधोपाली बीच बस्ती में हुये वाहन दुर्घटना के आहत दयानिधि लोहार पिता रंजीत लोहार (60 साल) सागरपाली ने बताया कि सुमो वाहन क्रमांक सीजी 04 एफजे 6055 से अपने परिवार रिश्तेदारों के साथ बालपुर चांपा गये थे, वापस आते समय रात्रि करीब 8 बजे ग्राम माधोपाली बीच बस्ती के पास सामने की ओर से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 22 एच 2492 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उनके वाहन को ठोकर मार दिया। जिससे सुमो वाहन में बैठे दयानिधि लोहार, देवकी लोहार, गोविंद लोहार, सुमीत लोहार, बुधनी लोहार, धनेश्वरी, निखित, हारा बाई, गुरूमाता एवं सुमो वाहन के ड्रायवर टोप सिंह को चोट आने से अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281,125(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

खबर संक्षेप



## प्रगतिशील यादव महासंघ ने साल में दो बार रक्तदान करने का लिया संकल्प

**रायपुर।** ब्लड डोनेशन के क्षेत्र में काम करने वाले ऐसे समाजसेवियों और संगठन का सम्मान करते हुए शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर के डीन डॉ. विवेक चौधरी ने छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ के पदाधिकारियों में शामिल 51 बार के ब्लड डोनर रामकुमार यादव तथा 21 बार की रक्तदान दात्री अरुणा श्रीकांत यादव का सम्मान करते हुए स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान ब्लड कैंप में उपस्थित यादव बंधुओं ने प्रतिवर्ष कम से कम दो बार रक्तदान करने का संकल्प लिया। महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि रक्तदान के लिए जनता जनार्दन को जागरूक करने में शिविर के संयोजक सोमेंद्र यादव, सुजीत यादव, अशोक यादव और रविंद्र सिंह यादव ने अपने भरसक प्रयास से उड़ान कोचिंग सेंटर में अध्ययनरत 11 विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि धर्मेंद्र यादव, दीनदयाल यादव, गार्गी पाण्डेय, विकास कुमार पाण्डेय, सुजीत सिंह यादव, अरुणा श्रीकांत यादव, रामकुमार यादव ने रक्तदान किया।

## पेंशनर्स की जायज मांगों को लेकर जल्द होगा प्रदर्शन



**रायपुर।** गौरव पथ स्थित कर्मचारी भवन में शनिवार को छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की संभागीय एवं जिला शाखा रायपुर की संयुक्त मासिक बैठक हुई। बैठक में प्रदेश के पेंशनर्स से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों एवं लंबित मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि प्रदेश के लगभग 1 लाख 38 हजार पेंशनर्स लंबे समय से अपनी जायज मांगों के निराकरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं, किंतु अब तक अपेक्षित निर्णय नहीं हो पाया है। इस संबंध में शासन स्तर पर प्रभावी पहल किए जाने तथा आवश्यक होने पर आंदोलनात्मक कार्यक्रम संचालित करने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव, आरके त्रिवेदी, उमेश मुदलियार, वरिष्ठ पदाधिकारी विश्वनाथ ध्रुव सहित विभिन्न जिलों एवं विकासखंडों के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सवारी पिक एंड ड्राप की सुविधा नहीं, सिर्फ बोर्ड लगाकर छोड़ा



**रायपुर।** स्थानीय टैक्सी चालकों के अस्तित्व की रक्षा, डीजल-पेट्रोल की महंगाई के अनुपात में किराया बढ़ाने, पंजीकृत स्टैंड सहित एग्रीगेटर कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग शुरू हो गई है। स्वाभिमान युवा टैक्सी मालक कल्याण संघ से जुड़े चालकों ने आपत्ति दर्ज करवाना शुरू किया है। संघ की मांग है कि पिक एंड ड्राप की सुविधा शहर में नहीं बनाई गई है। जिन स्थानों पर ऑटो स्टैंड का बोर्ड लगाया है, वहां जगह और सुविधा का अभाव है। इससे प्रतिदिन ऑटो चालकों को पुलिस महकमे के मनमाने चालान का सामना करना पड़ रहा है। कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर राजपूत, सचिव नंद कुमार टंडन और पुनीत निर्मलकर ने संयुक्त रूप से शनिवार को मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता ली। इसमें उन्होंने बताया कि प्राइवेट कंपनियों के वाहनों की एंट्री एयरपोर्ट से लेकर रेलवे स्टेशन तक है, लेकिन स्थानीय ऑटो चालकों को रोका जाता है। इस वजह से बुकिंग की सुविधा नहीं मिल रही है। हम मांग करते हैं कि शासन-प्रशासन पहले व्यवस्था बनाए और उसके बाद कार्रवाई को प्राथमिकता दे।

# गजब हाल... तकनीकी विवि में नहीं होंगे दाखिले, लेकिन संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश प्रारंभ!

*स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि अध्ययनशाला में संचालित डिप्लोमा माइनिंग एवं डिप्लोमा फायर सेफ्टी पाठ्यक्रम में इस वर्ष दाखिले नहीं हो सकेंगे। इसके उलट तकनीकी विवि से संबद्ध जिन महाविद्यालयों में ये पाठ्यक्रम संचालित हैं, वहां प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। दरअसल, ऐसा स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि द्वारा विषय संबंधित जानकारी तय समय पर प्रेषित नहीं किए जाने के कारण हुआ है। तकनीकी विवि सहित संबद्ध महाविद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया तकनीकी शिक्षा संचालनालय अर्थात डीटीई द्वारा पूर्ण की जाती है। डीटीई द्वारा काउंसिलिंग शेड्यूल जारी किए जाने के पूर्व सभी संस्थानों से उन पाठ्यक्रमों की जानकारी मांगी जाती है, जो वहां संचालित है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सीएसवीटीयू द्वारा प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवश्यक जानकारी समय पर प्रेषित नहीं किए जाने के कारण दोनों पाठ्यक्रम काउंसलिंग प्रक्रिया से बाहर रह गए। वहीं पाठ्यक्रमों को लेकर लंबे समय से चल रही प्रशासनिक एवं अधोसंरचनात्मक चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। अब डीटीई काउंसलिंग में शामिल विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर में इन रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अवसर नहीं मिल पाएगा। उनके पास अध्ययन के लिए केवल महाविद्यालयों का विकल्प है, विवि अध्ययनशाला का नहीं।

- *सीएसवीटीयू में डिप्लोमा माइनिंग और फायर सेफ्टी पाठ्यक्रमों पर संकट*
- *तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने जारी किया डिप्लोमा इंजीनियरिंग का शेड्यूल*



### कक्ष आबंटन में विलंब

*सूत्रों के अनुसार, इन दोनों पाठ्यक्रमों को साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड अर्थात एसईसीएल द्वारा पूर्णतः प्रायोजित करने की प्रक्रिया भी प्रचलित थी, जिससे विश्वविद्यालय पर वित्तीय भार कम होना था और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा मिलने की संभावना थी। इसके बावजूद भवन निर्माण में विलंब तथा संचालन के लिए आवश्यक कक्षों के आबंटन में देरी के कारण प्रयोगशालाएं (लैब) समय पर पूर्ण नहीं हो सकीं। विश्वविद्यालय प्रशासन में कुलपति कार्यकाल परिवर्तन के दौरान निर्णय प्रक्रिया प्रभावित होने की बात भी सामने आ रही है, जिससे लंबित विषयों पर गति नहीं आ सकी।*

**आज अंतिम दिन**

*तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लिए आवेदन 11 जून से प्रारंभ हो चुके हैं। छात्र 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। 16 जून को मेरिट लिस्ट जारी होगी। 17 जून को रात्रि 12 बजे तक दावा आपत्ति की जा सकेगी। इसके पश्चात 19 जून को आबंटन सूची जारी हो जाएगी। जिन छात्रों के नाम सूची में होंगे, उन्हें 20 से 24 जून तक प्रवेश लेना होगा। इसके पश्चात द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होगी। डीटीई ने फिलहाल केवल डिप्लोमा इंजीनियरिंग का ही शेड्यूल जारी किया है।*

## पंद्रहवें वित्त आयोग के जल घटक में नगर निगम को मिली 45 करोड़ की राशि

# 3 साल से शोपीस बनी लभांडी-फुंडहर की टंकियां अब करेंगी लोगों का गला तर, बिछ रही पाइपलाइन

*रायपुर नगर निगम द्वारा राजधानी के लभांडी और फुंडहर गांव में लोगों की प्यास बुझाने अमृत मिशन के तहत बनाई गई दो नई पानी टंकियों से लोगों के घरों तक डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने का काम इन दिनों चल रहा है। पिछले 3 साल से अमृत मिशन के तहत बनाई गई नई पानी टंकियां फंड नहीं होने के चलते महज शोपीस बनकर रह गई थी। इसके कारण गर्मी के सीजन में भी पं. लालबहादुर शास्त्री वार्ड के लभांडी, फुंडहर सहित आसपास के इलाकों में पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाने का प्रबंध नगर निगम को करना पड़ा है।*

- *अमृत मिशन में बनाई गई दो पानी टंकियां 3 साल से शोपीस*
- *फंड मिलने के बाद काम ने पकड़ी रफ्तार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार


पंद्रहवे वित्त आयोग के जल घटक मद में लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकियों से लोगों के घरों तक डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने, टंकी से मेन राइजिंग लाइन कनेक्ट करने सहित स्कॉडा सिस्टम विकसित करने नगर निगम को 45 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। नगर निगम के आउटर में स्थित जोन-9 क्षेत्र के पं. लालबहादुर शास्त्री वार्ड के लभांडी और फुंडहर में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए नगर निगम द्वारा अमृत मिशन के तहत दो नई पानी टंकियों का निर्माण कराया गया है। अनुबंधित एजेंसी सूरजनगर, ब्रम्हदेवनगर, चंडीनगर, लभांडी, फुंडहर बस्ती, बीएसयूपी कालोनी, संकल्प सोसायटी फेज-2 प्रधानमंत्री आवासीय परिसर कॉलोनी में नई टंकी से पानी पहुंचाने डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछा रही है।

### राइजिंग लाइन बिछाने पीडब्ल्यूडी से अनुमति का इंतजार

*प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी के मुताबिक, लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी से राइजिंग लाइन बिछाने लोक निर्माण विभाग से अनुमति के लिए पत्र लिखा गया है, अनुमति मिलते ही राइजिंग लाइन बिछाने का काम अनुबंधित एजेंसी द्वारा शुरू कराया जाएगा।*

### अवंति विहार से सेंट जेवियर स्कूल तक बिछेगी राइजिंग लाइन

*अवंति विहार से सेंट जेवियर स्कूल होते हुए लभांडी में निर्मित नई पानी टंकी तक 40 किलोमीटर के दायर में राइजिंग लाइन बिछाई जानी है। इसमें से केवल 10 मिलोमीटर के दायरे में राइजिंग लाइन बिछाने का काम पूरा हो गया है, बाकी के 30 किलोमीटर दायरे में राइजिंग लाइन बिछाने लोक निर्माण विभाग से अनुमति की जरूरत है, इसलिए इस संबंध में विभाग को पत्र भेजा गया है।*




### तेलीबांधा चौक से फुंडहर तक राइजिंग लाइन

*तेलीबांधा चौक से फुंडहर की नई पानी टंकी तक 30 किलोमीटर के दायरे में राइजिंग लाइन बिछाने की योजना है, चूंकि इस दायरे में लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से अनुमति लेनी है, इसके लिए नगर निगम ने संबंधित विभाग को पत्र लिखकर राइजिंग लाइन बिछाने अनुमति मांगी है। अनुमति मिलने के बाद राइजिंग लाइन बिछाने का कार्य शुरू हो पाएगा।*

### तीन साल पहले निर्मित पानी टंकियां बनीं शोपीस

*रायपुर नगर निगम ने तीन साल पहले शहर के आउटर में स्थित वार्ड के लभांडी और फुंडहर इलाके में पेयजल आपूर्ति का विस्तार करने अमृत मिशन के तहत 2 नई पानी टंकियों का निर्माण कराया। ये दोनों टंकियां विशेष वीआईपी रोड, विधानसभा रोड और एयरपोर्ट से जुड़े इलाके में तेजी से बढ़ती आबादी को शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य बनाई गईं। इसके लिए मुख्य रूप से केंद्र और राज्य सरकार की अमृत मिशन योजना के तहत नगर निगम को आवश्यक राशि प्राप्त हुई, पर संबंधित पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और नई पानी टंकी से लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने फंड नहीं बचा। ऐसे में तीन साल से फुंडहर और लभांडी में करोड़ों रुपए खर्च कर बनवाई गई दो नई पानी टंकी महज शोपीस बनकर खड़ी रहीं। नई पानी टंकियों का लाभ इन क्षेत्रों के रहवासियों को आज तक नहीं मिल पाया है।*



## राठी परिवार ने भेंट किया वाटर कूलर

**महासमुंद।** खरोरा स्थित शासकीय जिला अस्पताल में ताराचंद, देवीचंद, हेमंत, भरत राठी द्वारा अपने पिताजी श्रीमल राठी व माताजी शांतिबाई राठी की पुण्यस्मृति में शुद्ध शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर एवं वाटर फिल्टर प्रदान किया गया। वाटर कूलर का उद्घाटन डॉ. बसंत महेश्वरी मेडिकल सुपरिटेंडेंट व डॉ. आई नागेश्वर राव मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी ने फीता काटकर पूजा अर्चना कर किया। डॉ. बसंत महेश्वरी ने जिला अस्पताल में वाटर फिल्टर भेंट करने के लिए राठी परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि ओपीडी के बाहर फिल्टर वाटर कूलर लगने से अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा डॉ आई नागेश्वर राव ने इसे पुनीत कार्य के लिए कृतज्ञता जाहिर की। इस अवसर पर डॉ. सचदेवा अस्पताल के डॉक्टर, कस्तूरचंद राठी, ललित राठी, ओमप्रकाश चांडक, पारस चांडक सहित राठी परिवार के सदस्य एवं अस्पताल के स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## आर्ट ऑफ लिविंग ने मरीजों को बांटे फल व बिस्किट



**महासमुंद।** अधिक मास पर आर्ट ऑफ लिविंग महासमुंद टीम द्वारा जिला अस्पताल में एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों एवं अस्पताल कर्मचारियों सहित 300 से अधिक लोगों को फल एवं बिस्कुट वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा, करुणा एवं मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना था। टीम सदस्यों ने मरीजों का कुशलक्षेम जाना, उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस सेवा कार्य से अस्पताल परिसर में प्रसन्नता, अपनत्व एवं सकारात्मकता का वातावरण निर्मित हुआ।

## जून के बिजली बिल में सुरक्षा निधि पर ब्याज न मिलने का स्मार्ट झटका

**एमडी बोले- अगले माह के बिल में ब्याज की राशि कर देंगे कम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में अब बिजली उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग को भी स्मार्ट किया जा रहा है। इस माह जून में जो मई का बिजली बिल आया है, वो मीटरों की रीडिंग सीधे कंट्रोल रूम में बैठकर देखकर बनाया गया है। यह पहल अच्छी तो है, लेकिन इस पहल के कारण जून के बिल में जो सुरक्षा निधि का ब्याज मिलता है, वह नहीं मिल पाया। इधर जिन उपभोक्ताओं की स्पॉट बिलिंग रीडरों ने की है, उनको जरूर सुरक्षा निधि का ब्याज मिल गया है। छत्तीसगढ़ पॉवर वितरण कंपनी के एमडी भीम सिंह कंवर का कहना है कि स्मार्ट मीटर वाले जिन भी उपभोक्ताओं को इस माह सुरक्षा निधि का ब्याज नहीं मिल पाया है, उनको अगले माह ब्याज मिल जाएगा।

केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रदेश में भी सभी उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। प्रदेश के 65 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं में से करीब 35 लाख के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। बचे मीटरों को भी बदलने का काम चल रहा है, लेकिन अब किसी भी उपभोक्ता को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। क्योंकि इसकी अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है।

### पेपरलेस बिलिंग की तैयारी

*छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने स्मार्ट मीटरों के सहारे पेपरलेस बिलिंग की तैयारी की है। पहले कदम पर जून में स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को सीधे उनके मोबाइल पर बिल भेजा गया है। इससे एक बड़ा फायदा यह है कि उपभोक्ताओं को रीडरों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अक्सर रीडिंग गलत होने की शिकायत भी रहती है। ऐसी शिकायत भी नहीं रहेगी। अब गुढ़ियारी के कंट्रोल रूम से सीधे उपभोक्ताओं की माह के अंतिम दिन की रीडिंग देखकर बिल आएगा।*

### सुरक्षा निधि अटकी

*हर साल जब भी जून में मई का बिल आता है तो इसमें उपभोक्ताओं को उनकी जमा सुरक्षा निधि पर ब्याज दिया जाता है। उपभोक्ताओं की एक माह की जितनी औसत खपत रहती है उसके आधार पर दो माह के बिल के बराबर सुरक्षा निधि ली जाती है। इसी सुरक्षा निधि पर ब्याज मिलता है। प्रदेश के उन उपभोक्ताओं को जून में आए मई के बिल में सुरक्षा निधि का ब्याज मिल गया है जिनके यहां पुराने मीटर लगे हैं, लेकिन स्मार्ट मीटरों वाले उपभोक्ताओं की सुरक्षा निधि का ब्याज अटक गया है।*

### रायपुर में किया अपडेट

*राजधानी रायपुर के स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के बिलों को सुधार कर सुरक्षा निधि का ब्याज देकर नया बिल ऑनलाइन अपडेट कर दिया गया है। जिन उपभोक्ताओं ने बिल अपडेट होने से पहले अगर बिल जमा कर दिया है तो उनकी सुरक्षा निधि के ब्याज की राशि अगले माह के बिल में कम हो जाएगी।*

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने बागबाहरा में हुई कार्यशाला, किसानों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा एवं भाजपा जिला महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को बागबाहरा कृषि उपज मंडी परिसर में किसानों के लिए प्राकृतिक एवं जैविक खेती विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता करते हुए प्राकृतिक खेती, उन्नत कृषि तकनीकों तथा कृषि आधारित स्वरोजगार के विभिन्न आयामों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के खाद्य एवं प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व राज्यमंत्री एवं कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पूनम चंद्राकर तथा छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने एवं खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता है, जिससे किसानों की लागत कम होगी, उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ेगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, संभाग प्रभारी राजीव सिंह, मोर्चा-प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अल्का चंद्राकर, जिला महामंत्री थानसिंह दीवान एवं जितेंद्र त्रिपाठी, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतपाल सिंह छाबड़ा एवं नरेश चंद्राकर, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री पुष्पलता चौहान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, सभापति रवि फरोदिया, किसान मोर्चा जिला महामंत्री माधव साव एवं देवेंद्र चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, कृष्ण कुमार साहू, हरप्रसाद पटेल, जान्हवी साहू, जिला मंत्री कुमारी भास्कर, कल्पना सिन्हा, नवीन कुमार साव, आनंद साहू बागबाहरा शहर मंडल अध्यक्ष डिंपल डॉली ध्रुव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू, मनोजदास, ममता साहू, झनकराम चौधरी, कृष्ण कुमार नायक, राधे साहू, लालसिंह नायक, पीतांबर साहू सहित भाजपा एवं किसान मोर्चा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री चंद्रशेखर ध्रुव ने किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हीरा साहू व हरीश देवांगन ने दी।

# कांग्रेस के आवासीय प्रशिक्षण शिविर में आएंगे राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत नियुक्त किए गए शहर और ग्रामीण जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर 21 से 30 जून तक होगा। यह शिविर जिला अध्यक्षों के लिए 10 दिन तक आवासीय रखा गया है। बताया गया है कि अभनपुर के अशुतोष अलका अग्रवाल मंगल भवन में शिविर आयोजित है। यहां राहुल गांधी पहले दिन जिला अध्यक्षों को संबोधित करेंगे। दूसरे दिन जिला अध्यक्षों और उनके परिजनों के साथ फोटो सेशन भी रखा गया है। प्रशिक्षण सम्मेलन में संसद के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सभी जिला अध्यक्षों से सीधे संवाद भी करेंगे। इस दौरान संबंधित जिलों की राजनीतिक, सामाजिक एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी भी लेंगे। संगठन में इस बात की चर्चा है कि प्रशिक्षण सत्र के बाद जिला कांग्रेस कमेटियों को व्यापक अधिकार दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में स्थानीय हालातों के मुताबिक फैसले लेने का दायरा भी बढ़ेगा। वहीं वे सीधे एआईसीसी के संपर्क में रहेंगे। एक तरह से जिला अध्यक्षों को ताकतवर बनाते हुए पूरे संगठन को प्रभावी बनाया जाएगा। अब तक दूसरे राज्यों में हुए प्रशिक्षण शिविर में राहुल गांधी दो दिन दौरे पर रहे हैं। पहले दिन के कार्यक्रम के बाद दूसरे दिन जिला अध्यक्षों के परिवारजनों के साथ फोटो भी खिंचवाएंगे। राष्ट्रीय महासचिव ने पीसीसी को निर्देश दिए हैं कि वे एआईसीसी के प्रशिक्षण विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में एआईसीसी के महासचिवों समेत पीसीसी अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष को पहले दो दिन और अंतिम दो दिन मौजूद रहना अनिवार्य होगा। इधर प्रशिक्षण सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा महासचिव प्रियंका गांधी के शामिल होने की भी चर्चा है।

# शिविर के दौरान 151 दिव्यांगजनों को दिए गए सहायक उपकरण

## सुशासन तिहार 2026 बना दिव्यांगजनों के लिए संबल का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले में आयोजित समाधान शिविर मांग एवं शिकायतों के निराकरण के साथ ही जरूरतमंद दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। समाज कल्याण विभाग द्वारा समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए, जिससे उनके जीवन में नई आशा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

उपसंचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने बताया कि समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के आधार पर विभाग द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कुल 151 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इनमें 05 मोटराइज्ड ट्रायसायकल, 06 ट्रायसायकल, 30 श्रवण यंत्र, 08 व्हील चेयर, 87 छड़ी, 10 वॉकर तथा 05 बैसाखियां शामिल हैं।




समाधान शिविर में सहायक उपकरण प्राप्त करने वाले दिव्यांग हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। हितग्राहियों ने कहा कि शासन की संवेदनशील और त्वरित कार्यवाही से उनकी विशेष आवश्यकताओं का समाधान हुआ है। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्राप्त करने वाले दिव्यांग डिगेश, अजय, पूरन पटेल एवं अन्य हितग्राहियों ने इसे अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला महत्वपूर्ण साधन बताया।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से आवागमन में कठिनाइयों के कारण उन्हें दैनिक कार्यों के लिए परिवार एवं अन्य लोगों पर निर्भर रहना पड़ता था। समाधान शिविर में आवेदन करने के बाद मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने से अब वे स्वतंत्र रूप से आवागमन कर सकेंगे तथा आवश्यक कार्यों के लिए आसानी से बाहर जा सकेंगे।

इसी तरह व्हीलचेयर, वॉकर, बैसाखी एवं छड़ी प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन सहायक उपकरणों से वे पहले की अपेक्षा अधिक सहजता एवं आत्मविश्वास के साथ अपने दैनिक कार्यों को कर पाएंगे।

## खबर संक्षेप



### वेडनर मेमोरियल स्कूल में नवनियुक्त प्राचार्य का शिक्षकों ने किया स्वागत

**महासमुंद।** वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे नवनियुक्त प्राचार्य रेव्ह.फादर थैनीस राज ने सोमवार को विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। उनके आगमन पर विद्यालय परिसर में उल्लास का माहौल रहा। विद्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचते ही समस्त शिक्षकों ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। शाला के मैनेजर रेव्ह. फादर जार्ज कवालम एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रकाश तिवारी ने प्राचार्य को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। स्वागत की इसी कड़ी में वरिष्ठ शिक्षिका हुमैरा जबीन ने स्मृति चिन्ह देकर भेंट की। तत्पश्चात वरिष्ठ शिक्षक उपेंद्र सोना एवं सहयोगी शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत गीत ने सभी को भाव- विभोर कर दिए। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपना कार्यभार ग्रहण करते हुए शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि वेडनर मेमोरियल जैसी गौरवशाली संस्था से जुड़ना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, हम सभी मिलकर शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के मूल्यों को और मजबूत करेंगे मेरा प्रयास रहेगा कि नवाचार के द्वारा छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो और उनका भविष्य उज्ज्वल बने। इस अवसर पर शाला के मैनेजर रेव्ह.फादर जार्ज कवालम, पूर्व मैनेजर रेव्ह. फादर थॉमस, सभी शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित थे। आभार व्यक्त वरिष्ठ शिक्षिका प्रदीप्ति चांडक ने किया।

### स्कूल खोलने की तारीख में पुनर्विचार करने की मांग

**महासमुंद।** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बीच 16 जून मंगलवार से स्कूल खुल रहे हैं। दिन का तापमान अभी भी 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। ऐसे में 10 से लेकर 4 तक विद्यालय संचालित करने का आदेश समझ से परे है। जबकि, स्वास्थ्य विभाग की माने तो छोटे बच्चों को घर से बाहर निकलने तक की मनाही है। ऐसे में अभिभावक, शिक्षाविद् और स्कूल संगठन द्वारा सरकार के इस फैसले पर सवाल उठाना जायज है। गर्मी और उमस के बीच सबसे बड़ी समस्या यह है कि जिले के अधिकांश स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। कहीं पर पर्याप्त बैठक व्यवस्था की तो कहीं पर भूजल स्तर नीचे चले जाने के कारण बोरवेल अथवा हैंडपंप में पीने की पानी की समस्या से जूझना पड़ेगा। इस गर्मी में जहां पंखे, कूलर काम नहीं कर रहे हैं, वहां ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में पंखों के सहारे बच्चों को पढ़ाना एक बड़ी चुनौती है। कई स्कूलों में पर्याप्त पंखे भी नहीं होते, फिर सबसे बड़ी समस्या तो घंटों बिजली कटौती है। सबसे बड़ी चिंता प्राथमिक विद्यालयों के उन छोटे-छोटे बच्चों की है, जो अपने घरों से निकलकर स्कूल तक पैदल पहुंचाते हैं। इस विपरीत परिस्थिति में उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव और गर्मी को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर से छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला महासमुंद यह मांग करती है कि स्थिति सामान्य होते तब स्कूल संचालक पर रोक लगाई जाए। साथ ही सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने और स्कूल खोलने की तारीख में पुनर्विचार करने की मांग की है। उक्त जानकारी छग शिक्षक संघ के जिला सचिव जयराम पटेल ने दी है।

### खेत बचाओ अभियान अंतर्गत राजाडीही में जागरुकता शिविर

**महासमुंद।** जिले में खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा 30 जून तक रासायनिक उर्वरकों के सीमित व समझदारी पूर्ण उपयोग और प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों व आम नागरिकों में जागरुकता और जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से कृषक चौपाल एवं कृषक संगोष्ठी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विकासखण्ड सरायपाली अंतर्गत ग्राम राजाडीही में कृषक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों को खेती में बढ़ती लागत, मिट्टी की उर्वरता में कमी तथा फसल उत्पादन को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारणों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों को मृदा परीक्षण (मिट्टी जांच) के महत्व, संतुलित एवं अनुशंसित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग, जैविक खाद एवं हरी खाद के प्रयोग, जल संरक्षण, फसल चक्र अपनाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही किसानों को यूरिया एवं डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके, एसएसपी, जैव उर्वरक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, जैविक खाद एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। किसानों को बताया गया कि नियमित मृदा परीक्षण एवं वैज्ञानिक खेती अपनाकर भूमि की उर्वरता बनाए रखी जा सकती है तथा उत्पादन लागत को कम करते हुए बेहतर उपज प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों के साथ खेती से जुड़ी समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा की गई। किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा विभागीय अधिकारियों से विभिन्न कृषि योजनाओं एवं तकनीकों की जानकारी प्राप्त की गई।

### शौर्य प्रशिक्षण अकादमी का उद्घाटन एवं निःशुल्क भर्ती प्रशिक्षण 5 से

**महासमुंद।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा शौर्य प्रशिक्षण अकादमी का विधिवत उद्घाटन 05 जुलाई 2026 को किया जाएगा। जहां अग्निवीर, एसएससी जीडी, छत्तीसगढ़ पुलिस तथा अन्य सशस्त्र बलों में भर्ती की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से शहीद स्मारक खरोरा में संचालित किया जाएगा। अकादमी का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें विभिन्न सुरक्षा बलों एवं सशस्त्र सेनाओं की भर्ती परीक्षाओं में सफलता दिलाना है। अकादमी में युवाओं को भर्ती मानकों के अनुरूप नियमित शारीरिक प्रशिक्षण, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद तथा अन्य आवश्यक अभ्यास कराए जाएंगे। साथ ही लिखित परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनुभवी विषय विशेषज्ञों एवं पूर्व सैनिकों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान, गणित, रीजनिंग, समसामयिक घटनाओं तथा भर्ती प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होगा। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने बताया कि परिषद का उद्देश्य युवाओं को सही दिशा एवं अवसर प्रदान करना है। ताकि, वे देश की रक्षा एवं सुरक्षा सेवाओं में अपना योगदान दे सकें। इच्छुक अभ्यर्थी 18 जून 2026 से ऑनलाइन पंजीयन करा सकेंगे। क्षेत्र के सभी पात्र युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने तथा 5 जुलाई 2026 को आयोजित उद्घाटन समारोह एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# बच्चों को सनातन संस्कारों से जोड़ना साय सरकार का युगांतकारी निर्णयः स्वप्निल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और सनातन परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से किए गए बदलावों का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक एवं युगांतकारी निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश में सांस्कृतिक पुनरुत्थान के नए अध्याय की शुरुआत है। स्वप्निल तिवारी ने कहा कि आगामी शिक्षा सत्र 2026-27 से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं में व्यापक बदलाव लागू किए जा रहे हैं। इन परिवर्तनों के तहत राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का नियमित गायन, मां सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र, गायत्री मंत्र, शांति मंत्र तथा मध्याह्न भोजन से पूर्व भोजन मंत्र का सामूहिक उच्चारण अनिवार्य किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों को राष्ट्रनायकों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं महापुरुषों की प्रेरक जीवन गाथाओं से भी अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल अक्षर ज्ञान देने वाले संस्थान नहीं हैं, बल्कि चरित्र निर्माण और संस्कारों की प्रथम पाठशाला हैं। प्रतिदिन ईश्वर वंदना, वैदिक मंत्रों तथा राष्ट्रगीतों के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों का विकास होगा।



भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान समय में पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव और भौतिकवादी जीवनशैली के कारण युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से दूर होती जा रही है। ऐसे समय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार का यह निर्णय बच्चों के सर्वांगीण, मानसिक, आध्यात्मिक और नैतिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल के दूरगामी सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे और छत्तीसगढ़ की नई पीढ़ी आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत एवं सनातन मूल्यों से भी मजबूती से जुड़ी रहेगी। स्वप्निल तिवारी ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षा मंत्री एवं स्कूल शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम प्रदेश को संस्कारित, अनुशासित और सशक्त समाज की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### समर कैंप का समापन बच्चों ने दिखाया हुनर

**रायपुर।** नूतन स्कूल आरडीए कॉलोनी टिकरापारा में चल रहे भव्य निशुल्क समर कैंप का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण के साथ भावपूर्ण समापन हुआ। वर्ष 2003 से लगातार आयोजित होने वाले इस शिविर में इस वर्ष 1 मई से लेकर 13 जून तक स्कूली बच्चों ने 40 से अधिक रचनात्मक एवं कौशल विकास गतिविधियों का भरपूर आनंद 3 हजार से अधिक स्कूली बच्चों ने उठाया। इस कैंप की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें छत्तीसगढ़ के अलावा देश के 14 अन्य राज्यों से अपने दादा-दादी और नाना-नानी के घर छुट्टियां मनाने आए बच्चे भी शामिल हुए। शिविर का समापन विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताओं के साथ हुआ, जिसमें प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले होनहार बच्चों को उपहार और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही, निशुल्क सेवाएं देने वाले सभी प्रशिक्षकों को आभार पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।



# सामाजिक सुरक्षा, सुखद सहारा एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के 53561 हितग्राहियों को पेंशन राशि का भुगतान

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के 42466 हितग्राहियों को लंबित राशि का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना संचालित है।

उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने बताया कि जिले में वर्तमान स्थिति में राज्य द्वारा संचालित पेंशन योजना के तहत कुल 53 हजार 561 हितग्राहियों को राशि का भुगतान किया गया है। जिसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत 24 हजार 253 हितग्राहियों, सुखद सहारा योजना में 9 हजार 76 एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना अंतर्गत 20 हजार 232 हितग्राहियों को माह अप्रैल 2026 तक की पेंशन राशि का भुगतान किया जा चुका है।

उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि केंद्रीय पेंशन योजनाओं में भारत सरकार द्वारा नवीन एसएनए स्पर्श प्रक्रिया को क्रियान्वित किए जाने के फलस्वरूप इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन का दिसंबर 2025 से तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना का माह अक्टूबर 2025 से पेंशन राशि के भुगतान में विलम्ब की स्थिति निर्मित हुई थी। वर्तमान में केंद्र संचालित योजना अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन में 32 हजार 52, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन में 9 हजार 469 एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन में 945 हितग्राहियों को माह अप्रैल 2026 तक की पेंशन राशि का भुगतान किया जा चुका है।

# वार्ड 26 में सीसी नाली निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्थानीय वार्ड क्रमांक 26 में सीसी नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद पीयूष साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

अध्यक्ष साहू ने कहा कि नाली निर्माण से क्षेत्र के घरों से निकलने वाली गंदे पानी का स्थायी समाधान होगा और नागरिकों को बारिश के मौसम में आवागमन में सुविधा मिलेगी। नगर पालिका वार्डों के मूलभूत विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों की मांग पर यह कार्य स्वीकृत कराया गया है। नाली निर्माण पूरा होने से आसपास के रहवासियों को काफी राहत मिलेगी। नपा सभापति जितेंद्र ध्रुव, पार्षद गण शुभ्रा मनीष शर्मा, कल्पना सूर्यवंशी, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, जरीना हफीज कुरैशी, चंद्रशेखर बेलदार, वार्डवासी कौशल साहू, अग्रज शर्मा, राजेश चंद्राकर, हर्षा बोटकेवार, कृति परोहा, टेकराम विश्वकर्मा, जाफर खान, राजू खान सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे और नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

# ग्राफ्टेड बैंगन की खेती से क्रांति की आय में हुआ इजाफा

**महासमुंद।** महासमुंद विकासखंड के ग्राम लोहारडीह निवासी क्रांति कुमार चंद्राकर एक शिक्षित एवं प्रगतिशील किसान हैं। एम टेक की शिक्षा प्राप्त चंद्राकर पूर्व में अपने 1.46 हेक्टेयर सिंचित कृषि भूमि में मुख्य रूप से धान की खेती करते थे। धान उत्पादन में अधिक पानी, बढ़ती मजदूरी लागत एवं सीमित लाभ के कारण उन्हें अपेक्षित आर्थिक लाभ प्राप्त नहीं हो रहा था। खेती से आय बढ़ाने और आधुनिक तकनीकों को अपनाने की सोच के साथ उन्होंने खेती में नवाचार करने का निर्णय लिया।

वर्ष 2025-26 में उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में उन्होंने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत संचालित ग्राफ्टेड बैंगन एवं टमाटर सीडलिंग प्रदर्शन कार्यक्रम में भाग लिया। योजना के तहत उन्हें 30 हजार रुपए की अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। विभागीय तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त कर उन्होंने अपने खेत में ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग तकनीक के साथ ग्राफ्टेड बैंगन की खेती प्रारंभ की। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में सुधार हुआ। चंद्राकर बताते हैं कि पहले धान की खेती से लगभग 35 हजार रुपए तक का लाभ मिलता था, वहीं ग्राफ्टेड बैंगन की खेती से लगभग 400 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त हुआ। बाजार में औसतन 25 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय होने पर उत्पादन से बेहतर आय प्राप्त हुई। खेती में, श्रमिक एवं अन्य सभी खर्चों को निकालने के बाद उन्हें लगभग 6.50 लाख रुपए प्रति एकड़ का लाभ प्राप्त हुआ। उनके खेत में बेहतर उत्पादन और आधुनिक खेती के परिणामों को देखकर आसपास के किसान भी उद्यानिकी फसलों की खेती, ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।



### भाठागांव रोड चौड़ीकरण अधूरा, कांग्रेस का प्रदर्शन

**रायपुर।** भाठागांव रोड का चौड़ीकरण अब तक नहीं किए जाने पर कांग्रेस ने जमकर प्रदर्शन किया। डॉ. खूबचंद बघेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आयोजन में शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, भाजपा की डबल इंजन की सरकार को ढाई साल हो गए हैं, लेकिन यहां के अतिव्यस्त सड़क को आज दिनांक तक नहीं बना पाए। उन्होंने चेतावनी दी कि रोड का काम जल्द शुरू नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन कर चक्काजाम किया जाएगा। रोड चौड़ीकरण के कार्य को लगभग 20 महीने होने जा रहे हैं। भाजपा सरकार के कार्यकाल के ढाई साल बाद भी यह काम पूरा नहीं हो पाया है। जिस फर्म को नगर निगम ने टेंडर दिया था, उसकी अवधि भी समाप्त हो चुकी है।

# वरिष्ठजनों के अनुभवों का सम्मान और उनसे राय लेना हमारा कर्तव्य : सीजेएम

## वरिष्ठजन अधिकार, सशक्तिकरण और गरिमा एवं न्याय तक उनकी पहुंच थीम पर अधारित

**महासमुंद।** नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जागृति योजना 2025 के तहत वरिष्ठजनों के लिए वरिष्ठजन अधिकार, सशक्तिकरण और गरिमा थीम पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर वरिष्ठजनों के लिए उनके अधिकारों, सशक्तिकरण और गरिमा एवं न्याय तक उनकी पहुंच थीम पर अधारित विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव चेतना ठाकुर द्वारा आशियाना वृद्धाश्रम पहुंचकर जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, सशक्तिकरण और उनकी गरिमा एवं न्याय तक उनकी पहुंच के बारे में उपस्थित वरिष्ठजनों को अपने उद्बोधन के माध्यम से उनके अधिकारों, संरक्षण, गरिमा और समाज में उनकी महत्वों पर चर्चा की गई। प्रभारी सचिव चेतना ठाकुर ने बताया कि भारत में वृद्धजनों के लिए सामाजिक और आर्थिक गरिमा सुनिश्चित करने के लिए कई सरकारी योजनाएं लागू हैं जो उन्हें पेंशन और स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान करती हैं। प्रभारी सचिव चेतना ठाकुर द्वारा आश्रम साफ-सफाई सहित अन्य दी जा रही मूलभुत सुविधाओं जैसे भोजन, पानी, स्वच्छता अथवा मनोरंजन के साथ साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में भी विस्तापूर्वक जानकारी ली। आश्रम में कार्यरत कर्मचारियों को वरिष्ठजनों का उचित संरक्षण व भावुकतापूर्ण देखभाल करने के निर्देश दिए।




### नशे की हालत में गाली गलौज, मना करने पर चाकू से हमला, दो भाई घायल

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में चाकूबाजी की घटना रुक नहीं रही। शनिवार रात 10 बजे बाजार चौक में वारदात हुई। गेम खेल रहे एक व्यक्ति और उसके भाई पर स्टील के चाकू से हमला कर दिया गया, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। ग्राम बिरकोनी निवासी रवि सेन ने बताया कि 13 जून 2026 को रात्रि 10 बजे वह अपने अन्य दोस्त अमन, दुष्यंत, नरेंद्र के साथ बाजार चौक बिरकोनी में लुडो खेल रहा था, उसी दौरान गांव का मोनू चंद्राकर नशे के हालत में आया और गाली गलौज करने लगा। रवि सेन ने जब गाली देने से मना किया तो मोनू हांथ मुक्का से मारपीट करने लगा और अचानक उत्तेजित होकर आज तुझे जान से मार दूंगा कहकर अपने पास रखे स्टील के चाकू से रवि को मारने लगा। रवि सेन ने बताया कि उसने बचने का प्रयास किया तो चाकू उसके सिर के पीछे भाग में लग गया और खून निकलने लगा। उसी समय उसका भाई राहुल सेन उसे बचाने आया तो मोनू चंद्राकर उसे भी चाकू से मार दिया। जिससे राहुल सेन के सिर में बांए तरफ चोंट लगा। रिपोर्ट पर पुलिस ने मोनू चंद्राकर के खिलाफ अपराध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबध किया है।



**खबर संक्षेप**

### घरेलू विद्युत उपकरण मरम्मत के लिए मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**महासमुंद।** जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए घरेलू विद्युत उपकरण मरम्मत का निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। बड़ौदा आरसेटी के निदेशक ने बताया कि 30 दिवसीय निःशुल्क आवासीय घरेलू विद्युत उपकरण मरम्मत प्रशिक्षण कार्यक्रम पंजीयन के पश्चात प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए आवेदन एवं पंजीयन की अंतिम तिथि 29 जून 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पंखा, मिक्सर, कूलर, इस्त्री, वाटर पंप, मोटर सहित विभिन्न घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रखरखाव का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण, छायाचित्र प्रदर्शनी आज से

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर शहर के लोहिया चौक में 16 से 18 जून तक तीन दिवसीय छाया चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि देश में मोदी सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने पर 16 से 18 जून तक 03 दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी के अंतर्गत छायाचित्र एवं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देश में मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल के दौरान सफलतापूर्वक क्रियान्वित किए जा रहे लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, किसान सम्मान निधि योजना, डिजिटल इंडिया, विकसित भारत संकल्प आदि की सजीव प्रस्तुतीकरण किया जा रहा है। प्रदर्शनी का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों की मौजूदगी में किया जाएगा। नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन करने का आग्रह किया गया है।

**जायजा:** स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति और मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा

# मानवीय संवेदना के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दें: जिपं सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सरायपाली और बसना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने जिले के दूरस्थ अंचलों में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने तथा मानसून पूर्व महामारी से बचाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सरायपाली एवं बसना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान सीईओ नंदनवार ने स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को मानवीय संवेदना के साथ त्वरित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, गैर-संचारी रोग (एनसीडी) कार्यक्रम में तेजी लाने तथा पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कुपोषित बच्चों की समुचित देखभाल सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी, संपूर्ण उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श सेवाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिल सके। सीईओ नंदनवार ने आगामी 28 जून को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। साथ ही 15 जून से 15 जुलाई तक संचालित होने वाले कुष्ठ रोग खोज अभियान को गंभीरता से संचालित करने तथा 100 दिवसीय टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं, दवा वितरण व्यवस्था, मरीजों को मिल रही सेवाओं तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। मानसून के मद्देनजर संभावित संक्रामक एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक तैयारियों का भी आकलन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सरायपाली अनुपमा आनंद तथा स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे उपस्थित रहे। इसके अलावा दोनों विकासखंडों के खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, विकासखंड डाटा मैनेजर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिले में सघन कुष्ठ खोज अभियान आज से

## 13.85 लाख जनसंख्या तक घर-घर पहुंचेगी स्वास्थ्य टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले में 15 जून से 15 जुलाई 2026 तक सघन कुष्ठ खोज अभियान (एलसीडीसी) संचालित किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अभियान के लिए जिले में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा आज से घर-घर सर्वे कार्य प्रारंभ किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वे दलों का गठन, प्रशिक्षण, माइक्रोप्लान, प्रचार-प्रसार एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले की लगभग 13 लाख 85 हजार जनसंख्या तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की सर्वे टीमें घर-घर पहुंचकर कुष्ठ रोग के संभावित लक्षणों वाले व्यक्तियों की पहचान करेंगी तथा आवश्यकता अनुसार जांच एवं उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। अभियान जिले के सभी विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा तथा इसका लक्षित समूह संपूर्ण जनसंख्या होगी। अभियान के लिए प्रत्येक सर्वे दल में 02 सदस्य नियुक्त किए गए हैं। सर्वे दल का गठन हेल्थ सेंटर स्तर पर सीएचओ अथवा संबंधित प्रभारी द्वारा किया गया है तथा इसकी प्रविष्टि विभागीय कुष्ठ खोज एप में की जाएगी। दल में प्रथम सदस्य के रूप में आरएचओ-पुरुष (उपलब्ध नहीं होने पर आरएचओ-महिला/मितानिन प्रशिक्षक/सीएचओ) तथा द्वितीय सदस्य के रूप में संबंधित क्षेत्र की मितानिन को शामिल किया गया है। जहां मितानिन उपलब्ध नहीं है, वहां अन्य ग्राम अथवा मोहल्ले की मितानिन द्वारा कार्य किया जाएगा। जिला नोडल अधिकारी, कुष्ठ कार्यक्रम डॉ. वीपी सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य समुदाय स्तर पर कुष्ठ रोग की प्रारंभिक पहचान कर समय पर उपचार उपलब्ध कराना है, जिससे रोग के संक्रमण को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि सर्वे के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें जांच एवं उपचार प्रदान किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने बताया कि जिले में अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि सर्वे दल के घर पहुंचने पर सहयोग करें तथा त्वचा पर सुन्न धब्बे, संवेदना में कमी अथवा अन्य लक्षण दिखाई देने पर जांच अवश्य कराएं।



### बागबाहरा कॉलेज को राज्यपाल ने किया सम्मान

**बागबाहरा।** विश्व रक्तदाता दिवस पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा को रक्तदान के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के लिए श्रेष्ठ संस्थान के रूप में सम्मानित किया। लोक भवन रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह में रक्तदान के क्षेत्र में पूरे राज्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले संस्थान के साथ व्यक्तिगत रूप से कई बार रक्तदान करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में बागबाहरा महाविद्यालय से प्राचार्य डॉ.रश्मि मिंज एवं रेडक्रॉस प्रभारी गजानंद बुडेक सहायक प्राध्यापक वाणिज्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय की इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय से बीरेन्द्र सिंह ठाकुर, शिवगोपाल रात्रे, डॉ.लक्ष्मण सिंह साहू, डॉ. कृष्ण कुमार साहू, एकता मक्कड़, पालन कुमार दीवान, धनुर्जय साहू, डॉ.खिलावन पटेल समेत स्टाफ एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हर्ष जताया है

### सोहम में अब हर दिन मिलेंगे जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन



**महासमुंद।** लभराखुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. चक्रधार (एमएस जनरल सर्जरी) अब प्रतिदिन उपलब्ध रहेंगे। वर्तमान में यहां हर महीने 50 से अधिक जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की जा रही हैं। आधुनिक तकनीक एवं अनुभवी सर्जिकल टीम की सहायता से मरीजों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार हो रहा है। अस्पताल में हर्निया, अपेंडिक्स, पित्त की थैली की पथरी, बवासीर, फिशर, फिस्टुला, हाइड्रोसील, लिपोमा, स्तन की गांठ, थायरॉइड की गांठ, डायबिटिक फुट, तीव्र पेट दर्द तथा आंतों एवं पेट की विभिन्न सर्जरी नियमित रूप से की जा रही हैं। साथ ही दूरबीन (लेप्रोस्कोपिक) तकनीक द्वारा सर्जरी की सुविधा भी मौजूद है। अधिकांश अस्पतालों में सर्जन केवल ऑपरेशन के समय उपलब्ध रहते हैं, जबकि यहां प्री-ऑपरेटिव मूल्यांकन, ऑपरेशन के दौरान निगरानी तथा पोस्ट-ऑपरेटिव मॉनिटरिंग डिस्चार्ज तक विशेषज्ञ सर्जन के मार्गदर्शन में की जाती है।

### सुशासन का मुखौटा पहने सरकार के मंत्री अफसर भ्रष्टाचार में लिप्त : आलोक

**महासमुंद।** कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महामंत्री व छत्तीसगढ़ राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर ने सरकार के महिला बाल विकास विभाग के काले कारनामों को भाजपा सरकार का चरित्र बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की साय सरकार का सुशासन सिर्फ विज्ञापनों और होर्डिंग्स तक सीमित है। प्रदेश संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने कहा कि मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आदिवासी नवविवाहित बहनों को चांदी के नाम पर गिलट के मंगलसूत्र बांटे गए, जो चांदी नहीं, बल्कि तांबा, जस्ता और निकेल का सस्ता मिश्रण निकला। जब मंगलसूत्र काले पड़ने लगे यह बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। यह महज घोटाला नहीं, एक नवविवाहिता के सुहाग, उसकी आस्था और आदिवासी परंपरा पर सीधा हमला है। बिना कमीशनखोरी और ऊपर तक हिस्सेदारी के इतना बड़ा फर्जीवाड़ा संभव नहीं। साफ है कि विभाग के मंत्री से लेकर नीचे के अफसर तक इस लूट में शामिल हैं। बेटियों की शादी में सरकार आशीर्वाद नहीं, धोखा दे रही है। चंद्राकर ने सवाल किया कि नकली मंगलसूत्र कांड में विभागीय मंत्री की संलिप्तता की जांच कब होगी? महिला बाल विकास विभाग की मंत्री इस्तीफा कब देंगी। साड़ी घोटाले और मंगलसूत्र घोटाले के दोषी अफसरों को जेल कब भेजा जाएगा? उन्होंने मांग की है कि दोनों मामलों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। प्रत्येक नवविवाहिता को असली चांदी का मंगलसूत्र और 1 लाख रुपए सम्मान निधि दी जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मानक अनुसार साड़ी और अपमान की भरपाई दी जाए।



# झलप और ढांक में जनचौपाल लगाकर विधायक ने सुनी आमजनों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विधायक ने ग्रामीणों से की विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा

रविवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम झलप और ढांक में जन चौपाल लगाकर आमजनों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं, सुझाव एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषय विधायक के समक्ष रखे। विधायक ने सभी की बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सर्वप्रथम विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम झलप पहुंचे और प्रभु राम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की। ग्रामीणों ने अपनी मांग एवं समस्याएं विधायक के समक्ष रखी। विधायक ने ग्रामीणों से बारी बारी से चर्चा कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने केंद्र एवं राज्य की लोककल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा भी की। अंत में उन्होंने नवविवाहित जोड़े को उपहार एवं नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदान किया।

**ढांक में जनता से भेंट मुलाकात:** झलप के पश्चात विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम ढांक पहुंचे। उन्होंने भगवान महादेव की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। फिर उन्होंने ग्रामीणों से विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा की। समस्याओं के उचित निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने नवविवाहित जोड़े को उपहार व नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदान किया।



### नंदनी को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**महासमुंद।** गढ़फुलझर क्षेत्र की नंदनी मुकेश साहू को रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर से डॉक्टर ऑफ फिलासिफी प्रदान की गई है। उन्होंने भौतिकशास्त्र में ऋषि जायसवाल एवं प्रदीप देवागंन के निर्देशन एवं पीयूष झा विभागाध्यक्ष के मार्गदर्शन से अपने कठिन परिश्रम एवं लग्न से विगत चार सालों से आधुनिक एलईडी लाइट मटेरियल के निर्माण संबंधी शोध कार्य का संपादन किया, जिससे वर्तमान समाज को कम लागत में अधिक प्रभावशाली, उच्च गुणवत्ता की वस्तु मिल सकें। डॉक्टर नंदनी साहू शुरूआत से मेधावी रही है। विद्यालय एवं विश्वविद्यालयों की प्रावीण्य सूची में रही है। नंदनी ने एमएससी भौतिकशास्त्र में भी पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा जारी मेरिट सूची अंतर्गत द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नंदनी को पीएचडी भौतिकशास्त्र की उपाधि प्राप्त होने पर दरसराम साहू, दिनेश साहू, मुकेश साहू, कृष्णा साहू, रमेश साहू, किशन साहू, अंजलि साहू समेत मित्रजनों एवं परिवारजनों हर्ष जताया है।

# नाचा गम्मत के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार रंजीत चक्रधारी पुनः बने प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बालोद जिले के झलमला गंगा मैया मंदिर प्रांगण में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण महासंघ के तत्वावधान में वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश पदाधिकारियों का पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात कार्याकारिणी को भंग कर नए कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें प्रदेशभर के 15 जिले से आए जिला अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों द्वारा सर्वसहमति से प्रदेश पदाधिकारियों का मनोनीत किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनमोल धरोहर पारंपरिक लोक विधा नाचा गम्मत के संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान के लिए रंजीत चक्रधारी द्वारा किए गए सक्रिय रुप से निरंतर कर रहे सराहनीय कार्य के लिए सुप्रसिद्ध लोक कलाकार रजीत चक्रधारी संस्था प्रमुख कका भतीजा नाचा गम्मत सराईपाली (कोमाखान) जिला महासमुंद को पुनः प्रदेश अध्यक्ष सर्व सम्मति से चुने गए।



उल्लेखनीय यह है कि रंजीत छत्तीसगढ़ प्रदेश के 18 जिलों के 455 नाचा गम्मत संस्था को एकजुट करते हुए महासंघ का निर्माण कर प्रदेशभर में विलुप्त हो रहे नाचा गम्मत के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार प्रसार करते हुए प्रदेश के अनेक जिलों में प्रदेश एवं जिला स्तर पर जिला स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव का आयोजन करते हुए प्रचार प्रसार कर नाचा गम्मत को छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित विश्व पटल पर एक अलग पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है। साथ ही नाचा गम्मत से कलाकारों के पीड़ा को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में अहंम भूमिका निभाया। नाचा गम्मत को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार से जोड़ते हुए उनके अनेक पहल कलाकारों के लिए सराहनीय रहा। इस दौरान संरक्षक तिलेश्वर वर्मा, उपाध्यक्ष माखन लाल साहू बरही सांकरा बालोद, सचिव भूपेश रजक साल्हेटोला कांकेर, कोषाध्यक्ष कमल नारायण देशमुख राजनांदगांव, सलाहकार संरक्षक पद्मश्री डोमार कुंवर, सलाहकार बलराम साहू निपानी बालोद, सलाहकार ध्रुव साहू अंगारी, सुभाष पटेल मोहला मानपुर, मीडिया प्रभारी टीकम वर्मा राजनांदगांव, कार्यकारिणी सदस्य चेतन पटेल, धमतरी जिला अध्यक्ष देवनारायण साहू, रायपुर जिला अध्यक्ष उत्तर साहू, कांकेर जिला अध्यक्ष प्रकाश पटेल, बालोद जिला अध्यक्ष गोपाल यादव, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष खिलावन साहू, मोहला मानपुर, जिला अध्यक्ष सुखदेव धनकर, जिला अध्यक्ष महासमुंद ऐतराम साहू, रितेश चक्रधारी, मोतीराम पटेल, ओमप्रकाश चक्रधारी, विकास वैष्णव, सुकालू बघेल, नेमाराम चक्रधारी, संतोष पटेल, मोहन साहू बिरकोनी, लोक गायक डिमान सेन, लोक गायक टीकम पटेल आदि मौजूद रहे।

